भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1422

26 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ

सूरजमुखी तेल का आयात

1422. डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:
श्री संगम लाल गुप्ता:
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री राजबहादुर सिंह:
श्री बृजभूषण शरण सिंह:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान भारत में सूरजमुखी के तेल के आयात का ब्यौरा क्या है और वह प्रमुख देश कौन से हैं जिनसे भारत यह तेल आयात करता है;
(ख) क्या यूक्रेन और रूस में हाल की अस्थिरता ने देश में सूरजमुखी के तेल की आपूर्ति को प्रभावित किया है और यदि हां, तो इस प्रकार हुए व्यवधान का ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार ने आयात पर निर्भरता कम करने और सूरजमुखी तेल के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): पिछले पांच वर्षों में भारत में सूरजमुखी के तेल के आयात का विवरण संलग्न है। जिन प्रमुख देशों से भारत सूरजमुखी तेल का आयात करता है, वे यूक्रेन, रूस और अर्जेंटीना हैं।

(ख): 21 फरवरी, 2022 से 30 जून, 2022 तक देश में सूरजमुखी के 5.70 एलएमटी कच्चे तेल का आयात किया गया है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि अर्थात 21 फरवरी, 2021 से 30 जून, 2021 में 7.39 एलएमटी सूरजमुखी तेल का आयात किया गया था।

(ग): सरकार सूरजमुखी सहित नौ तिलहन फसलों के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करके खाद्य तेलों की उपलब्धता बढ़ाने और देश के आयात का बोझ कम करने के लिए वर्ष 2018-19 से एक केंद्र प्रायोजित योजना अर्थात राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- तिलहन और ऑयल-पाम (एनएफएसएम-ओएस एंड ओपी) कार्यान्वित कर रही है। एनएफएसएम-ओएस को वर्ष 2022-23 के दौरान 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित किया जा रहा है।

इसके अलावा सरकार ने वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक तीन वर्षों के लिए हाइब्रिड बीज उत्पादन और प्रदर्शन के माध्यम से देश में सूरजमुखी की खेती के क्षेत्र और उत्पादन को बढ़ाने के लिए भाकृअनुप-भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को 43.53 करोड़ रुपये की एक विशेष परियोजना को भी मंजूरी दी है।

अनुबंध

पिछले पांच वर्षों में भारत में सूरजमुखी के तेल के आयात का विवरण नीचे दिया गया है:

मात्रा मीट्रिक टन (एमटी) में (अप्रैल से मार्च)

क्र. सं.	एचएस कोड	वस्तु	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	15121110	सूरजमुखी के बीज का कच्चा तेल	2,238,654.00	2,579,744.75	2,499,986.25	2,175,634.50	2,045,033.63
2	15121910	सूरजमुखी खाद्य ग्रेड तेल	215.44	228.54	301.95	8,272.02	24,632.23

स्रोत: वाणिज्य विभाग

*****